# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जयनगर

Email Id:-rwdjainagar@gmail.com

पत्रांक 1297 जयनगर, दिनांक 01/10/2020

प्रेषक :– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, जयनगर

सेवा में,

नोडल पदाधिकारी (MMGSY SC)
ग्रामीण कार्य विभाग
ब्राडा, पटना।

विषय :– STATE MIS के मास्टर डाटा में Road का नाम जोडने के सम्बंध में।

महाषय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में सूचित करना है कि कहना है कि STATE MIS के मास्टर डाटा में Road का नाम जोडने का कृपा किया जाय। जिसका सूची इस पत्र के साथ संलग्न है। सूचनार्थ एंव आवश्यक कारवाई हेतु सादर समर्पित।

| Sl No | Division | Block | Category | Name Road | Priority no of core network | Length (In km) | Total Population Served | Administrative Amount (In Lakha) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Jaynagar | Ladania | MMGSY SC | **PART-A** Nandrahi Road PMGSY to Sidhpakal Seema | 104 | 4.643 | 400 | 405.732 |
| | | | | **PART-B** Proposed HL RCC Bridge on S026 Nandrahi Road PMGSY to Sidhpakla Seema at CH.1665m | | 26.22M (Approach Road) | | 212.409 |

अनु0–AA COPY

विश्वासभाजन

1/10/2020

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, जयनगर

1/10/2020

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–BRRDA(HQ)-MMGSY-161/2019 951 /पटना, दिनांक– 3.9.19

प्रेषक,

संजय दूबे, भा०प्र०से०
अपर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय (सामान्य)–लघु शीर्ष–103 – ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0113, अनुसूचित जाति–लघु शीर्ष–789 ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0104 एवं अनुसूचित जनजाति–लघु शीर्ष–796 ग्राम विकास राज्य योजना उप शीर्ष–0109 मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु सूची के स्तम्भ–9 में अंकित राशि की पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष **2019–20** (अनुसूचित जाति) के लिए कार्य प्रमंडल, **बगहा–1 एवं जयनगर** के अधीन कुल **02 (दो)** योजनाओं के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य सहित निम्न तालिका के स्तम्भ–9 में अंकित राशि की पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है:–

| Sl No. | Division | Block | Category | Name of Road | Priority no of Core Network | Length (In km) | Total Population Served | Administrative Approval Amount ( In Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Bagha-1 | Bagha-1 | SC | **Part-A** Ahirauliya to Samarkol | 14 | 4.400 | 943 | 299.290 |
| | | | | **Part-B** Proposed High Level RCC Bridge at Chainage 3075.00M Across harha River at Soji Ghat on Road Ahirwaliya to Samarkol | | 68.48m (Approach Road 200m) | | 393.700 |
| | | | | | | | **Total** | **692.990** |
| 2 | Jaynagar | Ladaniya | SC | **Part-A** Nandrahi Road PMGSY to Sidhpakla Seema | 104 | 4.643 | 440 | 405.732 |
| | | | | **Part-B** Proposed HL RCC Bridge on S026 Nandrahi Road PMGSY to Sidhpakla Seema at CH. 1665m | | 26.22m (Approach Road 174m) | | 212.409 |
| | | | | | | | **Total** | **618.14** |

माननीय विभागीय मंत्री द्वारा दिनांक **13.08.2019** को निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है :–

(क) इन योजनाओं को दो वित्तीय वर्ष, अर्थात वर्ष **2019–20** एवं वर्ष **2020–21** में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

2/9/19

(ख) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बगहा-1 एवं जयनगर योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) स्वीकृत योजनाओं की प्रविष्टि राज्य कोर नेटवर्क के मानचित्र पर भी कर लिया जायेगा।

(घ) कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, बगहा-1 एवं जयनगर सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

3. कार्य ई-निविदा के माध्यम से Standard Bidding Document के आधार पर कराया जायेगा।

4. इन योजनाओं के चयन के प्रस्ताव पर माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या- BRRDA(HQ)-MMGSY-44/2013 के पृष्ठ-74/टि0 पर प्राप्त है।

5 सारणी में अंकित उक्त योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार विभागीय मंत्री महोदय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक-13.08.2019 को संचिका संख्या- BRRDA(HQ)-MMGSY-161/2019 के पृष्ठ-10/टि0 पर अनुमोदन प्राप्त है।

6. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर कार्यपालक अभियंता द्वारा सक्षम प्राधिकार से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

7. योजनाओं की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद की सम्भाव्यता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

8. (क) ब्राडा के लिए निर्धारित प्रावधान/प्रक्रिया के आलोक में बजट प्रावधान के अंतर्गत राशि की निकासी की जाएगी।

(ख) कार्यपालक अभियंता (PIU) का उत्तरदायित्व होगा कि कार्यों का विशिष्टताओं/विशिष्टि के अनुरूप कार्यान्वित कराकर एकरारनामा एवं सुसंगत वित्तीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेंगें।

(ग) वित्त विभाग की संकल्प संख्या एम-4-53/2007-3758/वि0, दिनांक-31.05.2017 में निहित निदेशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जाएगी।

(घ) यह राशि उसी मद में खर्च की जाएगी जिसके लिए पुनर्विनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

(ङ.) प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

(च) योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण, सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से किया जाएगा एवं कार्यों को स-समय तथा गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जाएगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में दोषी पदाधिकारी उत्तरदायी माने जाएगे।

(छ) संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

9. स्वीकृत्यादेश प्रारूप आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या-BRRDA(HQ)-MMGSY-161/19 पृष्ठ संख्या- 14/टि0 पर दिनांक 2.9.19 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

2/9/19

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक- BRRDA(HQ)-MMGSY-161/2019 951 /पटना, दिनांक- 3.9.19

प्रतिलिपिः- माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रमण्डलीय आयुक्त, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा/जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, मधुबनी/उपविकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण, मधुबनी/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–3, पटना/मुख्य अभियंता–4/अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, बेतिया, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **बगहा–1** एवं **जयनगर** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Manager, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

2/9/19

सरकार के अपर सचिव